# "An Era of Large Language Model" विषय पर अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 18 जनवरी 2025 को " **An Era of Large Language Model** " विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के प्रमुख अतिथि डॉ. किरण बाला दुबे सहायक प्राध्यापक , शास. नागार्जुन स्नातोकत्तर महाविद्यालय  रायपुर , ने छात्रों को उभरती हुई तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

अतिथि वक्ता ने बताया कि आजकल बड़े भाषा मॉडल (LLMs) जैसे GPT-4 ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक नया दौर शुरू किया है। ये मॉडल अब छात्रों और शोधकर्ताओं को सटीक और त्वरित जानकारी प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं, जिससे उनके शैक्षिक अनुभव और शोध कार्य में सुधार हो रहा है। शिक्षकों को कक्षा में बेहतर संवाद और मार्गदर्शन देने में मदद मिल रही है।

इस कार्यक्रम में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. लातिका ताम्रकार, श्री दिलीप साहू एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।









